Regarding need to expedite doubling of Gondia-Balaghat-Nainpur-Jabalpur railway section-Laid

श्रीमती भारती पारधी (बालाघाट) **:**मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान गोंदिया-बालाघाट-नैनपुर-जबलपुर रेल मार्ग के दोहरीकरण की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ । लगभग 239 किलोमीटर लंबा यह मार्ग उत्तर और दक्षिण भारत को जोड़ने वाली जीवनरेखा है । इसके दोहरीकरण से यात्रा दूरी लगभग 250 किलोमीटर तक कम होगी, जिससे न केवल समय और ईंधन की बचत होगी, बल्कि यात्रियों को तेज और सुगम यात्रा का अनुभव मिलेगा । यह रेल मार्ग क्षेत्रीय जनता के लिए यातायात का महत्वपूर्ण साधन और औद्योगिक तथा आर्थिक विकास की रीढ़ है । वर्तमान में डी.पी.आर. तैयार करने में हो रहे विलंब से परियोजना बाधित हो रही है । मेरा आग्रह है कि इसे शीघ्र पूरा कर बालाघाट-गोंदिया खंड को प्राथमिकता देते हुए कार्य प्रारंभ किया जाए । इससे यातायात का दबाव कम होगा, पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा, और क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे ।